Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 01-04-2022 | अंक 184

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# बरही अनुमंडलीय अस्पताल की जलापूर्ति व्यवस्था ऐसी, देखते ही हो जाएगी उल्टी, तस्वीरे ब्यां कर रही है अस्पताल की जलापूर्ति व्यवस्था

## छह माह से बिना ढक्कन का है पानी की टंकीयां, काई, शैवाल एवं गंदगी से भरा पडा है पानी टंकी, अपेम लाइव ने एक सप्ताह पूर्व ही डीएस एवं बीपीएम से ढक्कन लगाने के लिए किया था आग्रह, आश्वासन के बाद भी नही हुआ साफ

## डीएस के निर्देश को ठेंगा दिखाता है बीपीएम, निर्देश के बाद भी नही दिया ध्यान, जबकि सफाई कर्मियों का है अस्पताल में भरमार, 12 साल से जमा है बीपीएम, किसी से नही है इनको डर, स्थांतरण की मांग













बरही अनुमंडलीय अस्पताल में लगा पानी टंकी जिसमें गंदगी का अंबार, इसी पानी का होता है उपयोग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही अनुमंडलीय अस्पताल के ऊपर दर्जनों पानी की टंकी लगाई गई है। जिससे अस्प्ताल के हर कोने तक सप्लाई की जाती है। लेकिन यदि आप पानी की टंकी को देखेंगे तो आपको उल्टी हो जाएगी। उसी पानी का उपयोग अस्पतालकर्मी एवं मरीज भी करते हैं। हालांकि पीने के लिए आरओ का पानी की व्यवस्था किया गया है। लेकिन पीने के अलावे अन्य कार्य इसी गंदे पानी से किया जाता है। 25 से अधिक पानी की टंकी है। इनमे अधिकांश टंकियां बिना ढक्कन के हैं। जिसके कारण पंछियां भी उसी में शौच कर निकल जाती हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ढक्कन खुला होने के कारण सफाईकर्मी भी उस पानी को गंदे कपड़े धोने में करते हैं। यह स्थिती आज की नही , बल्कि कई महीनों से हैं। पानी की टंकी में काई और शैवाल को स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है। जो अस्प्ताल हमलोगों को स्वच्छता का पाठ सिखाता है। वही अस्पताल में जलापूर्ति की इस तरह की व्यवस्था से स्वास्थ्यकर्मी के कर्तब्य निर्वहन में जरूर सवाल उठता है। इन टंकियों से पानी की सप्लाई पूरे अस्पताल में ओपीडी, इमरजेंसी, लैब एवं टॉयलेट तक है। रोजाना सैकड़ों मरीज पानी का उपयोग करते है। जिससे मरीजों में बीमारियां फैलने की संभावना से इनकार नही किया जा सकता । एक सप्ताह पूर्व अपेम लाइव की टीम ने डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी एवं बीपीएम नारायण राम को सारी वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए पानी की टंकी की सफाई कराते हुए ढक्कन लगाने का आग्रह किया था। लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी इस गंभीर मुद्दा पर कोई पहल नही किया गया। आज अपेम लाइव अपनी सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए इस मुद्दे को जनता के सामने लाने का काम किया है। उम्मीद है कि जल्द ही पानी की टंकी की सफाई करवाकर ढक्कन लगाने की व्यवस्था की जाएगी।

APEM LIVE


डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित | एडिटरः सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## संपादकीय



डॉ अनिल कुमार

वह दिन दूर नहीं जब ढूंढने पर भी ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं मिलेंगे स्त्री और प्रसूति रोग विशेषज्ञ चिकित्सक और सर्जन सिर्फ झारखंड में 22500 डॉक्टर्स की कमी है। ड०क्टर्स ग्रामीण कि बात तो छोड़ दीजिए शहरों में भी अपनी सेवाएं देना नही चाहते हैं। वजह साफ है, डॉक्टर्स के लिए सुविधाएं और सुरक्षा दोनों की कमी है, वेतन भी दूसरे राज्यों से कम है। आए दिन डॉक्टर्स के साथ छुटभैये राजनीतिक कार्यकर्ता, नेता, दुर्भावना से ग्रसित पत्रकार और बहकावे में आये ग्रामीण जनता दुर्व्यवहार करते है, अपमानित करते है। ये खबरें सोशल, प्रिंट और इलेक्टॉनिक मीडिया द्वारा वायरल होती रहती हैं। ऐसे में कोई भी डॉक्टर ग्रामीण क्षेत्र में आना नही चाहेगा। यही वजह है कि सरकार डॉक्टर्स की कमी से परेशान है। जब महानगरों में एक डॉक्टर अच्छे सैलरी पर क०र्पोरेट अस्पतालों काम कर के अच्छा जीवन गुजारता है तो ये क्यों अपने जान को जोखिम में डाल कर गाँव मे डॉक्टरी करेगा। अगर डॉ अर्चना शर्मा जैसी अनुभवी स्त्री और प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर को सुसाइड करने पर मजबूर होना पड़ता है तो आने वाले वक्त में ढूंढे नहीं मिलेंगे विशेषज्ञ सर्जन और चिकित्सक मामूली इलाज और सामान्य प्रसव के लिए महानगरों में डॉक्टर्स के पास जाना होगा। क्या होगा जब जटिल प्रसव वेदना से तड़पती महिला को कोई सर्जन, महिला चिकित्सक के उपलब्ध न होने के कारण जान गवाँ देनी पड़े? कौन जिम्मेदार होगा? आज कोई डॉक्टर MBBS करने के बाद स्नातकोत्तर MD/MS करना चाहता है तो वो MS जेनरल सर्जरी, स्त्री रोग सर्जरी नही लेता है, जहाँ आपरेशन, अथवा प्रसव, सिजेरियन आपरेशन में मरीज के मृत्यु का डर बना रहता है, बल्कि मेडिसिन, पैथोलॉजी, शिशु रोग, रेडियोलोजी जहां जोखिम बहुत कम है। समाज में छुटभैये नेता ,कार्यकर्ता,दुर्भाबना से ग्रसित चंद पत्रकार, पुलिस –प्रसाशन और बहकावे में आये ग्रामीणों के द्वारा डॉक्टरों से भयादोहन के कारण कितने डॉक्टर ग्रामीण से, कस्बों और छोटे शहरों से नौकरी और प्रैक्टिस छोड़ कर पलायन कर रहे हैं । समस्या और गहरी होती जाएगी । लाचार प्रसव वेदना से तड़पती महिलाएं एक अदद स्त्री रोग विशेषज्ञ की कमी के कारण सुदूर महानगरों के अस्पतालों में जाने को मजबूर हो जाएंगे। मामूली अपेंडिक्स, नसबंदी के आपरेशन बड़े महानगरों में ही हो पाएंगे

## भाजपा पिछड़ा जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव का बरही में हुआ भव्य स्वागत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

भाजपा पिछड़ा जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव को दिल्ली से लौटने के क्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा होटल श्री परिवार में भव्य स्वागत किया गया। वही भा. जपा नेता अमरदीप यादव ने 22 मार्च को पहला मंगला जुलूस के दिन उन्होंने रामनवमी पूजा का शोभायात्रा का अनुमति नहीं मिलने तक उन्होंने खाली पैर चलने का शपथ लिया था। इसी संकल्प पर उन्होंने झारखंड के कई जिले, बिहार और दिल्ली का



भी यात्रा किया। साथ ही उन्हा. ेंने कहा की राज्य की हेमंत सरकार हमारी संस्कृति और आस्था पर कुठाराघात कर रही है। म्यूजिक बंद करवाना, जुलूस में संख्या सीमित करना और शाम 6 बजे तक जुलूस खत्म कर देना यह आदेश समझ से परे है, यह तुगलकी फरमान है और हम इसके विरोध करते है। मौके पर ओबीसी मोर्चा के प्रमंडल प्रभारी किशुन यादव, संजय यादव, मुन्ना यादव, रो. हित यादव, भुनेश्वर यादव, महेश यादव, पिंटू यादव, सिकंदर यादव कृष्णा यादव, सीताराम यादव, सुनील यादव, संजीत यादव राजेश यादव, सचिन यादव एवं दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सही मार्गदर्शन ही कुशल नेतृत्व की पहचान है–ए के सिंह

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



परीक्षा पे चर्चा विषय पर आयोजित माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का कार्यक्रम डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में कक्षा दशम के छात्रों के बीच आयोजित किया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच अति उत्साह देखा गया ।विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं के द्वारा पूछे गए प्रश्न और उसके दिए गए उत्तर बच्चों के मन में उठने वाले सवालों को संतुष्ट करने में सक्षम थे। प्रधानमंत्री के द्वारा दिए गए सुझाव बच्चों के रचनात्मक सोच को एक सफल दिशा निर्देश देने में कारगर सिद्ध होंगे। उनके द्वारा बताया गया यह उपाय की परीक्षा एक त्यौहार के रूप में होना चाहिए ना कि जीवन की एक समस्या के रूप में। तभी हम सब छात्र–छात्राएं अपने जीवन में आने वाली हर समस्याओं से रूबरू होते हुए उसके सफल समाधान के लिए प्रयासरत रह पाएंगे ।प्रधानमंत्री जी का यह कहना की यदि हम वर्तमान में जिएंगे तो हमारा भविष्य खुद ब खुद सुरक्षित हो जाएगा ।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने बच्चों को प्रोत. साहित करते हुए कहा कि वे अपने विषय वस्तु का ज्ञान पूरी तरह से दुरुस्त कर ले, तो उनके जीवन में आने वाले किसी भी प्रकार के सवाल, उनके समक्ष कठिनाई उपस्थित नहीं कर पाएंगे ।उन्होंने कहा कि सभी छात्र छात्राओं में एक विभिन्न योग्यता और क्षमताएं होती है। जरूरत है उसे उभारने की तथा उसे सही दिशा निर्देश देते हुए उसके कुशल मार्गदर्शन की। तब जाकर हमारे छात्र छात्राएं अपने जीवन में सफलता के राजमार्ग पर कुशलतापूर्वक अग्रसर हो पाएंगे। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर अपने आप को तथा छात्र–छात्राओं को भी लाभान्वित होने में अपना पूरा पूरा सहयोग दिया।

## विषपान से वृद्ध महिला गंभीर, रेफर

बरही थाना अंतर्गत करियातपुर निवासी राजेंद्र ठाकुर की पत्नी काविश्री देवी उम्र 55 वर्ष ने घरेलू विवाद में आकर विषपान कर ली। जिससे वह गंभीर हो गई जानकारी मिलने पर परिजनों ने उन्हे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर



अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## आपसी विवाद में हुई मारपीट में एक घायल



बरही थाना अंतर्गत बरहीडीह निवासी मो रियाज उम्र 41 वर्ष पिता स्व हनीफ आपसी विवाद में हुई मारपीट में घायल हो गए। उनके परिजनों द्वारा उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार कर छुट्टी दे दिया गया।

## भीषण गर्मी में खुले स्कूल बेहाल हो रहे नौनिहाल

**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**

बरकट्ठा(हज़ारीबाग़) ज़िले भर में होली के बाद लगातार बढ़ रहे गर्मी के प्रकोप से लोग परेशान हैं इस बीच कोरोना के लगातार 2 वर्षो से बंदी का दंश झेल रहे शिक्षा महकमा अपने एकेडमीक को पूरा करने को लेकर लगातार एडमिशन व कक्षाए संचालित कर रही है वही सरकारी स्कूलों में फिलहाल 6 –11 बजे तक ही विद्यालय संचालित की जा रही है इस गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। तापमान 38 डिग्री तक पहुंच चुका है। लोगों का घरों से निकलना भी मुश्किल हो गया है, लेकिन इस दौरान ही स्कूल खुल गए हैं। ऐसे में स्कूली बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके चलते अभिभावकों द्वारा जिला प्रशासन से गर्मी छुट्टी देने की मांग की जा रही है । गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से गर्मी काफी जोर पकड़ गई है। बुधवार को अधिकतम 38 व न्यूनतम 24 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है। इसके चलते लोग बाग काफी परेशान हो रहे हैं। सबसे अधिक प्रभाव बुजुर्गो व बच्चों पर देखने को मिल रहा है। ऐसे में स्कूलों में जाने वाले बच्चों को दोपहर को घर लौटते समय भीषण गर्मी का शिकार होना पड़ रहा है। इससे बच्चो के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है स्कूलों में बेहाल हो रहे बच्चे जो बच्चे स्कूल आ रहे हैं, उनके लिए चार पांच घंटे भीषण गर्मी में स्कूलों में बिताना काफी मुश्किल हो रहा है। छुट्टी के समय स्कूलों से निकलते समय बच्चों की बेहाल हालत को देखकर इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। भीषण गर्मी के चलते बच्चे बीमार भी हो रहे हैं। इसने अभिभावकों की चिता बढ़ा दी है। इसी के चलते अभिभावकों द्वारा छुट्टियां करने की मांग की जा रही है।भीषण गर्मी के चलते पिछले कुछ दिनों से अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। गर्मी के चलते बच्चे अधि. कतर पेट के रोगों के शिकार हो रहे हैं।

इस संदर्भ में बरकट्ठा प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अशोक कुमार पाल का कहना है की गर्मी वास्तविक में बहुत अधिक है हमारी सभी सरकारी विद्यालयों में समय सारणी में परिवर्तन किया गया है सुबह 6 से 11 बजे तक ही कक्षा संचालित हो रही है वही जैसे ही उच्च अधिकारियों का निर्णय आएगा पालन किया जाएगा ।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर


## RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI

UID NO. 20040117202

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


**ADMISSION OPEN NOW**



Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

**SALIENT FEATURES**

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।


——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से





## PHYSICAL ACADEMY BARHI

- Boys & Girl
- Indian Army
- T.A. Army
- S.S.C, G.d.
- indian Navy
- Indian Air Force
- झारखण्ड पुलिस






फिजिकल और रिटेन दोनो की तैयारी करवाई जाती है।

नोट – हमारे यहाँ हॉस्टल की भी सुविधा है। हमारे यहाँ डे-नाईट क्लास चलती है।

Teacher : Bikash Kumar (B.A.) Sudhir Kumar (B.TA)

Contact No.- 7979908106, 9128477677, 8083536881

Trainer : Bikash Kumar, Suraj Kumar (Army Excellent)

Training Place : कोबरा गेट के सामने (उज्जैना मैदान)

Office : नहर, तिलैया रोड, बरही, हजारीबाग



वादा नहीं विकास करेंगे...

जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से

पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु

युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार

उम्मीदवार

## कपिल प्रसाद केशरी

को अपना बहुमूल्य

मतदान देकर भारी मतों से

विजयी बनाएं...!



सोच हमारी

विकास आपका

**कपिल प्रसाद केशरी** भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी



जोश है, होश है,

संकल्पों से यारी है



विकास,समृद्धि और खुशहाली

की बारी है

## कुंती देवी

भावी जिला परिषद प्रत्याशी बरही पश्चिमी भाग (4)

तापेश्वर प्रसाद

सामाजिक कार्यकर्ता

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## हनुमान सेना अखाड़ा रामनवमी पूजा समिति का गठन

### राजेश बने अध्यक्ष एवम मोती सिंह महामंत्री

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

सार्वजनिक राम नवमी पूजा महासमिति हनुमान सेना हजारीबाग रोड बरही, हनुमान मंदिर में बैठक किया सव. सम्मति से अध्यक्ष पद के लिए राजेश केसरी उर्फ मे. वालाल , महामंत्री मोती सिंह, कोषाध्यक्ष रंजीत केसरी, उपाध्यक्ष उपेंद्र राणा, सक्रिय सदस्य अमित कुमार सिंह उर्फ छोटू लोकेश ठाकुर विक्की सिंह प्रमोद सिंह रंजीत सिंह



डब्बू सिंह,सोनू राणामनीष ठाकुर,मंटू सिन्हा, उपेंद्र राणा, अमित सिंह, लोकेश ठाकुर , डब्बू सिंह, राजवंशी, भोलू, आकाश, घुटन सिंह, संतोष ठाकुर, रोहित पासवान, सतीश पासवान, चंदन केसरी, सोनू राणा, रितेश, छोटू ठाकुर, रितेश केसरी, सागर राज , राजीव पासवान, सतीश पा. सवान उर्फ अकेला उर्फ टिमला, सुजीत गोस्वामी, सोनू राणा, अभय केसरी, राहुल कुमार, बबलू कुमार, रितेश केसरी, कुंदन केसरी,

## ब्रह्मभोज में शामिल हुए जीप प्रतिनिधि मो कयूम

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के समाजसेवी केदार प्रसाद के पिता स्व वैधअमृत महतो के ब्रह्मभोज में बरही पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो कयूम शामिल हुए। वहीं दिवंगत आत्मा के शांति प्रदान के लिए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया। साथ ही साथ जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने बताया कि इनका निधन से विजैया पंचायत को अपूरणीय क्षति पहुंची है। मौके पर मुखिया दशरथ यादव, पंचायत समिति सदस्य देवलाल कुशवाहा, रवि प्रसाद, रघु




मोदी, चंद्रिका प्रसाद, रंजीत प्रसाद, सीताराम आर्यन, मेघलाल महतो, विक्की कुमार, मुकेश कुमार एवं सुनील कुमार मौजूद थे।

## पर्फेक्ट एकेडमी कोचिंग संस्थान का जदयू नेता राकेश गुप्ता ने किया निरीक्षण

### कहा निशुल्क एडवांस शैक्षणिक तकनीक से काफी प्रभावित हूँ

**अपेम लाइव : ओरिया**

जनता दल युनाइटेड के प्रदेश सचिव सह समाजसेवी राकेश गुप्ता ने शुक्रवार को शहर के आनंदा चौक के मान्यवर वस्त्रालय के ऊपरी तल्ला में अवस्थित पर्फेक्ट एकेडमी कोचिंग संस्थान का औचक निरीक्षण किया। दरअसल यह कोचिंग संस्थान के द्वारा गरीब विधार्थियो के लिए सरकारी नौकरी के तैयारी हेतु निशुल्क शिक्षा दिल्ली तथा पटना के अनुभवी शिक्षकों के द्वारा दिया जा रहा है। निरिक्षण के दौरान राकेश गुप्ता ने बच्चों से बा. तचीत की। बातचीत के दौरान यहाँ के एडवांस शैक्षणिक तकनीक से वे काफी प्रभावित हुए। बच्चों ने कुछ मुलभुत समास्या जैसा की बेंच-डेस्क तथा किताबें की समास्याओं का अवगत करवाया। राकेश गुप्ता ने बच्चों को यह जल्द उपलब्ध करवाने का भी आश्वासन दिया।




इस मौके पर राकेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली तथा पटना के अनुभवी शिक्षकों के द्वारा यहाँ निशुल्क गरीब बच्चों को सरकारी नौकरी का तैयारी करवाया जा रहा है। यहाँ के एडवांस शैक्षणिक तकनीक से काफी प्रभावित हूँ। बच्चों ने कुछ मुलभुत समास्या जैसा की बेंच-डेस्क तथा किताबें की समास्याओं का अवगत करवाया है। बच्चों को जल्द उपलब्ध करवाने का भी आश्वासन दिया है। निर्देशक ए. के भारद्वाज ने कहा कि हमारी प्राथमिकता गरीब बच्चों को निशुल्क सरकारी नौकरी का शिक्षा प्रदान करना है। भारद्वाज ने कहा काफी गरीब विधार्थी पैसों के अभाव के कारण तैयारी नहीं कर पाते हैं और स्वर्णिम सपनों को पीछे छोड़ देतें है। हम गरीब विधार्थियो के लिए सरकारी नौकरी के तैयारी हेतु निशुल्क शिक्षा दे रहें हैं।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## महुआ चुनने के विवाद में पेट्रोल बम से हमला, एक झुलसा

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


पेट्रोल बम से घायल सरन कसेरा

महुआ चुनने को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर पेट्रोल बम से हमला कर दिया। घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया। घायलावस्था में उसे इलाज के लिए विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। घटना विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के चलनियां गांव की है। इसे लेकर पीड़ित सरन कसेरा पिता स्व. भूटक साव कसेरा के लिखित शिकायत पर विष्णुगढ़ थाना में आरोपियों के विरूद्ध केस दर्ज किया गया है। पीड़ित ने कहा है कि दो माह पूर्व पैतृक जमीन को लेकर चले आ रहे विवाद का पंचों द्वारा निपटारा किया गया था। जिसे दोनों पक्षों से स्वीकार कर लिया था। जिसके बाद बीते बुधवार को भतीजा शिबू कसेरा उसी जमीन पर लगे महुआ पेड़ पर महुआ चुनने के लिए गया था। इस बीच दूसरे पक्ष के शंकर किशोर ने टांगी से वार कर उसे घायल कर दिया। घटना के बाबत गुरूवार की शाम पंचों के साथ मिलकर आरोपी से पूछताछ करने गया। इसी दौरान शंकर किशोर, सोनू कसेरा तथा संदीप कसेरा पंचों के सामने हीं गाली-गलौज करते हुए जमीन पर कोई हिस्सा नहीं होने की बात करते हुए छत पर चढ़कर पेट्रोल बम से हमला कर दिया। जिससे वे गंभीर रूप से झुलस गए। इधर, बम हमला होते हीं सभी पंच समेत अन्य लोग भागकर अपनी जान बचाए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शंकर किशोर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं, दो अन्य आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।

## सिटी मेडिकल का हुआ शुभारंभ

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



शुक्रवार को गांवा थाना क्षेत्र के गांवा प्रखंड मुख्यालय व समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांवा के मुख्य द्वार के सामने सिटी मेडिकल का शुभारंभ हुआ मेडिकल का शुभारंभ जिप सदस्य इमरान अंसारी, जिप सदस्य राजेंद्र चौधरी उप प्रमुख नवीन यादव, प्रभारी चिकित्सा पदा. धिकारी डॉ चंद्रमोहन कुमार ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया उक्त मौके पर जिप सदस्य इमरान अंसारी ने कहा कि यह मेडिकल खोलने से कई प्रकार से लोगों को लाभ मिलेगा कई बार कुछ दवा अस्पताल में नहीं मिल पाता है वैसे में मरीज को बहुत तकलीफ उठाना पड़ता है उक्त नजदीकी मेडिकल में दवा उपलब्ध रहने से उन्हे सहूलियत मिल सकेगा मौके पर राजेंद्र चौधरी भी ने कहा कि इस प्रकार के मेडिकल से समाज में छोटी मोटी बीमारियों से बचने हेतु दवा मिल सकेगा वही जो लोगों को दवा के लिए दूर जाना होता था उन्हें नजदीक में ही दवा मिल सकेगी मौके पर संचालक शहजाद आलम ने बताया कि हमारे यहां विभिन्न बीमारियों का दवाई किफायती दामों में दिया जाएगा और सभी प्रकार के अंग्रेजी दवा हमारे यहां उपलब्ध है उन्होंने अपील किया है आस पड़ोस के सभी लोगों से कि वे उनके दुकान आवे और किफायती दामों पर दवा ले । मौके पर आयुष ड०क्टर काजिम खान बीपीएम प्रमोद कुमार बन. 'वाल जीशान खान इश्तियाक आलम फंटूश खानआदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने मर्ज हो चुके विद्यालय को किया ग्राम पंचायत को सौंपने की मांग

### ग्राम स्तरीय बैठक के उपरांत ग्रामीणों ने जिला उपायुक्त के नाम लिखा आवेदन

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां, गिरिडीह :गांवा प्रखण्ड के माल्डा पंचायत अंतर्गत महेशपुर में समाजसेवी सुरेश यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को ग्राम स्तरीय बैठक का आयोजन कर विद्यालय भवन को अतिक्रमण से मुक्त करवाने की गुहार लगाई गई। बताया जाता है कि मालडा पंचायत अंतर्गत ग्राम महेश. पुर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय ,सिरी मर्ज होने के बाद महेशपुर निवासी राज. कुमार यादव ने विद्यालय को अपने कब्जे में ले रखा है, इसको लेकर ग्रामीणों में रोष हैं। मालडा मुखिया प्रतिनिधि दिनेश पांडेय ने कहा कि विद्यालय भवन किसी की व्यक्तिगत सम्पत्ति नहीं होती ,1959 में यह जमीन विद्यालय भवन बनाने हेतू दान की जा चुकी ह । विद्यालय मर्ज होने के बाद इस भवन का उपयोग सामाजिक कार्यों हेतू किया जा सकता है। वरिष्ठ नागरिक परमेश्वर महतो ने बताया कि 1959 में भूमिदान के बाद इस विद्यालय की नींव रखी गई, उस दौरान हम लोगों ने मिट्टी का दिवाल खड़ा किया,शुरुवाती दौर में खपरैल के घरों में इस स्कूल को शुरू किया गया। 2014 में इस विद्यालय को मर्ज कर दिया गया कुछ समय बाद राजकुमार यादव ने इसे अपनी जमीन बताते हुए विद्यालय भवन को हड़पने की रणनीति बनाई , स्कूल में ताला बंद कर दिया। इसको लेकर ग्रामीणों में रोष है। सुरेश यादव ने कहा कि इस मुद्दे को ग्रामीणों द्वारा अंचल अधिक. ारी,प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदा. धिकारी और थाना प्रभारी तक उठाया जा चुका है। रा. जकुमार यादव द्वारा स्कूल की खिड़कियां भी तोड़ दी गई है। वे इस भवन को जर्जर बनाने की रणनीति भी बना रहे हैं। बैठक मे यह निर्णय लिया गया कि एक प्रतिनिधि मंडल जिला उपायुक्त महोदय से मुलाकात कर स्कूल भवन की चाभी ग्राम पंचायत को सौंपने का आग्रह करेगी ताकि इस भवन को अतिक्रमण होने से रोका जा सके। ग्राम स्तरीय बैठक में प्रमुख रूप से मुखिया प्रतिनिधि दिनेश पाण्डेय,परमेश्वर महतो,सुरेश यादव,राजू कुमार,कैलाश कुमार,रामविलास कुमार,हरि ठाकुर,संजीत यादव,अरविंद यादव,काशी यादव,परेश यादव, मीना देवी, संजु देवी,सावित्री देवी, मुनिया देवी,सारो देवी,अदरी देवी, शांति देवी,अनीता देवी,सुरेन्द्र कुमार त्रिपाठी,श्रीराम कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ में फिर तीन आरा मीलों में छापेमारी, छह ट्रैक्टर लकड़ी जब्त

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**




हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल के वन प्रमंडल पदाधिकारी सौरभ चन्द्रा के निर्देश पर विष्णुगढ़ क्षेत्र में चलाए जा रहे अवैध आरा मीलों के विरुद्ध छापेमारी अभियान लगातार जारी है। शुक्रवार को चलाए गए सघन छापामारी अभियान में प्रखंड के अचलजामो, बंदखारो तथा चटकरी में अवैध रूप से संचालित तीन आरा मीलों पर छापेमारी की गई। छापेमारी में अचलजामो में आरा हाथी मशीन, लकड़ी तथा बंदखारो एवं चटकरी में प्लेटफ०र्म को उखाड़ते हुए स्थल पर संग्रहित लकड़ियों एवं चीरान पटरा को जब्त करते हुए छह ट्रै. क्टरों द्वारा नवादा स्थायी पौधशाला परिसर में लाकर रखा गया है। अवैध कारोबार में शामिल अचलजामो के नवरत्न साव, बंदखारो के ओम प्रकाश साव एवं चटकरी के नागेश्वर महतो पर भारतीय वन अधिनियम एवं बिहार काष्ठ चीरान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत वन मुक. दमा दर्ज किया गया है। वन प्रमंडल पदाधिकारी ने बताया कि अचलजामो के नवरत्न साव एवं बंदखारो के ओमप्रकाश साव पेशेवर वन अपराधी है। उनके विरूद्ध पूर्व से दो-दो केस दर्ज हैं। छापेमारी दल में नेतृत्वकर्ता अभय कुमार सिन्हा, सहायक वन संरक्षक के अलावा कानूनगो, भू अर्जन कार्यालय सुनील कुमार सिंह, डीएफओ सुरेश राम, फ०रेस्टर संजीत रविदास, भुनेश्वर मंडल, उदय केशरी, अंशु कुमार, अमन राज आदि शामिल थे। डीएफओ ने बताया कि अवैध आरा मीलो के खिलाफ छापामारी में विष्णुगढ़ क्षेत्र में अब तक कुल 11 अवैध आरा मीलों पर कार्रवाई की गई है। कहा कि अवैध आरा मीलो के विरुद्ध छापामारी अभियान लगातार चलता रहेगा और किसी भी हाल में दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा पेयजल किल्लत को लेकर हुए मुखर

### भाकपा माले पेयजल संकट को उजागर और समाधान को लेकर गिरिडीह नगर निगम के 36 वार्डों में जनता को कर रही है जागरूक – राजेश सिन्हा

**अपेम लाइव : गिरीडीह टाउन आदित्य पांडेय**



आज शुक्रवार को भाकपा माले नेता 'राजेश सिन्हा व इंकलाबी नौजवान सभा का जिला कमेटी सदस्य उज्जवल साव की अगुवाई में गिरिडीह नगर निगम अन्तर्गत,वार्ड नम्बर 32 के जनता का हाल चाल लेने पहुँचे,लगभग सभी इलाको में पानी सुबह शाम नहीं आता,खास कर गाजी नगर में एक साल से पानी नहीं आ रहा है,यहाँ जे एम एम समर्थित वार्ड कमिश्नर है सैकड़ो बार जनता इनके दरवाजे पर फरियाद लेक. रजाचुकी है लेकिन वार्ड कमिश्नर कहते है मेरे बस की चीज नहीं है,वही इस मुहल्ले के लोग सदर विधायक सुदीव्य कुमार सोनू से भी मिल कर पेयजल समस्या को लेकर फरियाद कर चुके हैं मगर सिर्फ आश्वासन मिला है,नगरनिगम को कोई बोलता है तो जागता है नहीं बोलता है तो सुस्त रहता है,नगरनिगम पेयजल को लेकर अलग तरीके से चले वही घिसा पीटा सिस्टम से चलेगा तो जनता पानी के लिए परेशान ही रहेगी। भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा ने वार्ड नंबर 36 की जनता से आवाहन किया की जल्द से जल्द नगरनिगम में एकत्रित हो और नगर. निगम में अनिश्चित कालीन धरना देने की तैयारी करें।बिना आंदोलन के जनता को कुछ हासिल नहीं होना तय है। भाकपा माले नेता सिन्हा ने कहा कि हरेक वार्ड की जनता को सड़क पर आना होगा 36 वार्ड कमिश्नर है उनके घर भी सांकेतिक रूप से हड़िया देकची लेकर जाना होगा,तब वार्ड कमिश्नर भी साथ देंगे। इंकलाबी नौजवान सभा के उज्जवल ने कहा के प्रत्येक वार्ड में भाकपा माले के टीम जाएगी और 36 वार्डो की वस्तुस्थिति देखकर अपने अपने तरीके से जनता के हित में लग जाएगी। आज के इस क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम में मुख्य रूप से शाहबाज,दानिश,अकरम, आदि मुख्य रूप से उप. स्थित थे।

## अवैध कोयले से लदे ट्रेक्टर को पुलिस ने पकड़ा

**अपेम लाइवः बिरनी सब्बा अहमद**




बिरनी प्रखण्ड में इन दिनों कोयला तस्करी जोरो पर है। बुधवार भरकट्टा के समीप से पुलिस ने कोयला से लदे एक ट्रेक्टर को जब्त किया। ट्रेक्टर स्वराज कंपनी का है जिसमें कोई नम्बर अंकित नहीं है।

गस्ती के समय भरकट्टा के समीप कोयले लदे ट्रेक्टर को पुलिस ने रोका । गाड़ी रोकते ही ट्रेक्टर ड्रा. इवर मौके से फरार हो गया। जिसके कारण किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई। घटना स्थल पर मौजूद पुलिस ने ट्रेक्टर को जब्त कर थाना ले आये। ज्ञात हो कि रांची, रामगढ़, हजारीबाग जिले से बिरनी , राजधनवार के रास्ते रात के अंधेरे का फायदा उठाकर कोयला का तस्कारी हो रहा है। हालांकि एक सप्ताह पहले ही बिरनी पुलिस ने कोयले से लदे पिकअप बैन को पकड़ा था। परंतु कोयला तस्कर कम होने के बजाय दिनों दिन बढ़ते जा रहे हैं। इस संदर्भ में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नौशाद आलम ने कहा कि कोयला तस्करी में संलिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। इस धंधे में संलिप्त लोग जल्द ही सलाखों के पीछे होंगे।

## अखिल भारतीय युवा भुइयाँ समाज कल्याण समिति,कान्हाचट्टी प्रखंड युवा कमेटी की हुई विस्तार

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी प्रमोद कुमार सिंह**



चतरा :– अखिल भारतीय युवा भुइयां समाज कल्याण समिति कान्हाचट्टी प्रखंड के सिद्धू खेल मैदान में चतरा युवा अध्यक्ष उमेश कुमार भारती की अध्यक्षता में कान्हाचट्टी प्रखंड कमेटी की हुई विस्तार । जिसमें मुख्य रुप से जिला महासचिव राजेश भारती एवं प्रखंड प्रभारी शिव कुमार भारती,व प्रभु भारती की गरमाई उपस्थिति में प्रखंड अध्यक्ष– सुरेंद्र भुइयाँ, उपाध्यक्ष– बेचन भुइयाँ, सचिव– सुनील भुइयाँ, कोषाध्यक्ष –आशीष भुइयाँ, संगठन मंत्री– उपेंद्र भुइयाँ, मीडिया प्रभारी– अंशु भारती जी को सव. 'सम्मति से बनाया गया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए युवा अध्यक्ष उमेश कुमार भारती ने कहा की युवा ही समाज की पहचान है,युवा अपने शक्ति के साथ साथ अपनी जिम्मेदारियां को इमानदारी से निर्वहन करें तो युवा शराब छोड़ शिक्षा की ओर बढ़ेगी तभी हमारा सामाजिक विकास संभव है ।। इस बैठक में उपस्थित गिरेन्द्र भारती, कैलाश भुइयाँ, बीरेंद्र भारती,गोवर्धन भारती,इथलेश भारती, सोनू भारती, सुशील भारती, नरेश भारती,धर्मेंद्र भारती, राहुल भुइयाँ, गणेश भुइयाँ, झमन भुइयाँ, लालदेव भारती, एवं सैकड़ों सम्मा. नित युवा उपस्थित हुए ।

## केन्द्रीय विद्यालय गिरिडीह में लाइव दिखाया गया परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम

**अपेम लाइव : गिरीडीह टाउन आदित्य पांडेय**






आज शुक्रवार को केन्द्रीय विद्यालय गिरिडीह में देश के आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को लाइव दिखाया गया। लाइव टेल. ीकास्ट में विधालय के नौवीं और दसवीं कक्षा के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया और बड़े ही ध्यानपूर्वक लाइव टेलीकास्ट को देखा और समझा। केन्द्रीय विद्यालय गिरिडीह के प्रभारी प्राचार्य जफर अली ने लाइव टेलीकास्ट को दिखाने के लिए बहुत ही शानदार इंतजाम किया था। परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को देखने के बाद सभी छात्र छात्राओं में संतोषजनक भाव और उत. साहित नजर आए। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद प्रभारी प्राचार्य जफर अली ने सभी शिक्षकों और शिक्षिकाओं को धन्यवाद दिया कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने के लिए। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी धन्यवाद दिया छात्र छात्राओं का उत. साहवर्धन करने के लिए। उन्होंने कहा कि लगातार दो वर्षो से विधार्थियों का पठन पाठन कोविड–19के कारण प्रभावित हुआ है ऐसे में परिक्षा को लेकर छात्र छात्राएं अपने आप को उत्साहहीन महसूस कर रहे थे। एन वक्त पर परम् आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित कर छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन करने के कार्य की जितनी भी प्रशंसा की जाय कम होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में केन्द्रीय विद्यालय के जानकी प्रसाद साव (हिंदी शिक्षक), रजनी कुमारी वर्मा (विज्ञान शिक्षिका) संतोष कुमार, नीरज कुमार, अनिल कुमार वर्मा, राहुल कुमार, निर्मल कुमार सोरेन, रविदयाल महतो, डॉक्टर अनामिका प्रकाश कन्हैया पांडेय, स्वरूप सिन्हा, गुलअफशान अख्तर, स्वीटी कुमारी, राजीव कुमार सहित विद्यालय सहायक कर्मी पप्पू कुमार यादव, भेखलाल यादव, टिपनी देवी का सराहनीय योगदान रहा। छात्र छात्राओं यश वर्णवाल, सागर कुमार, आशीष मंडल, मृणाल सिंह, दिव्या भारती, मोउली कुमारी, खुशी निराला सहित परीक्षा पर चर्चा लाइव टेलीकास्ट देखने वालों ने पीएम मोदी को धन्यवाद दिया उत्साहवर्धन करने के लिए।

## 40 वर्ष देश सेवा कर घर लौटे बीएसएफ इंसेप्क्टर का भव्य स्वागत,

### देश सेवा में दे योगदान, इससे बड़ा कोई सेवा व समपर्ण नही : प्रयाग रजक

**अपेम लाइवः चौपारण किशोर राणा**



देश की सीमाओं की सुरक्षा में 40 वर्षो तक सेवा देने के बाद सेवानिवृति के उपरांत शुक्रवार को अपने गांव टोईया पहुँचे बीएसएफ इंस्पेक्टर प्रयाग रजक का भव्य स्वागत किया गया। सिंघरावां मोड़ पर कदम रखते ही ग्रामीणों, समा. जसेवी व राजनैतिक लोगों ने इंस्पेक्टर प्रयाग को ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत कर फूल से लदा गाड़ी में बै. ठाकर पैतृक गाँव टोइया जे जाया गया। इस दौरान उनके सम्मान में ग्रामीणों ने स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। हमारे संवादाता से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि 1978 में उन्होंने बीएसएफ जवान के रूप में बहाल हुए थे। जम्मू कश्मीर, असम गुजरात, मणिपुर, राजस्थान, बंगाल, मेघालय सहित देश के अन्य सीमाओं पर आंतरिक सुरक्षा बल में अपने दायित्वों को सफलतापूर्वक पूरा किया। वर्ष 1990 में हमारे कार्य कुशलता को देखकर विभाग ने मुझे इंस. पेक्टर के पद पर प्रमोशन दिया। पिछले 3 वर्षो से हज़ारीबाग मेरु स्थित बीएसएफ प्रशिक्षण केंद्र में नव प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दे रहा था। श्री प्रयाग ने अपने सेवाकाल के अवधि को यादकर भावुक होकर कहा हम सबको अपने देश के लिए योगदान देना चाहिए क्योंकि इससे बड़ा कोई सेवा व समपर्ण नही है। कहा आज हम सब अमन चौन व शान्ती से जीवन व्यतीत कर रहे है इसका कारण है हमारे देश के जवानों का बलिदान। अपने स्वागत से अभिभूत श्री प्रयाग ने सबको हृदय से आभार प्रकट किया। आयोजित कार्यक्रम का संचालन शिक्षक बिनय रजक ने किया। मौके पर समाजसेवी भुनेश्वर यादव, रजक समाज के अनुमंडलीय अध्यक्ष गुलाब रजक, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रजक, डेबो मुखिया मोहन साव, समाजसेवी गोपाल विश्वकर्मा, मिनहाज मे. हन्दी, सहित अन्य।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## नयाटांड़ में गैस चूल्हा से किचन में लगी आग लगभग एक लाख का नुकसान

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


घर से निकलती धुआं

नयाटांड़ गांव निवासी अंशु साव के किचन में गैस चूल्हा जलाने के दौरान अचानक आग लग जाने के कारण किचन में रखें घरेलू फ्रिज ,मिक्सी एवं अन्य सामग्री जलकर राख हो गया। घर में आग लगने से आसपास अफरा तफरी मच गई। भारी मशक्कत के बाद स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। मामले को लेकर अंशु साव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की खाना बनाने के लिए जैसे ही लाइटर जलाया तुरंत आग लग गई और पूरे रूम में फैल गई । लगभग लाख का सामान जलकर राख हो गया। इसके अलावा मकान को भी नुकसान पहुंचा है। घर में आग लग जाने से व नुकसान को देखते हुए पंचायत के मुखिया अशोक महतो समेत अन्य जनप्रति. निधि बुद्धिजीवियों ने मुआवजे की मांग की है।

## शायल बगीचे में श्रीराम यज्ञ को लेकर निकाला गया कलश यात्रा

### कलश यात्रा के साथ नौ दिनों तक भक्ति में सराबोर रहेंगे प्रखण्ड वासी

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी :- प्रखंड के सायल बगीचे में शनिवार से श्री राम यज्ञ को लेकर कलश यात्रा के साथ ही नौ दिनों तक चलने वाले यज्ञ का शुभारंभ कर दिया गया। शनिवार को यज्ञआचार्य बाबा उमेश पांडे ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलस धारियों के माथे पर कलश रखकर गहरी नदी से जल भरावाया। जिसमें यज्ञाचार्य बाबा उमेश पांडे ने गहरी नदी में वरुण देव की पूजन के साथ ही कलश में जल भरवाया। एवं कलस धारियों को यज्ञ मंडप भी प्रवेश करवाया । यह यज्ञ लगातार 10 दिनों तक चलेगा। इस यज्ञ से प्रखंड भक्ति में सराबोर रहेगा । यज्ञ समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष बसंत सिंह सचिव अशोक सिंह ने बताया कि यज्ञ में शाम को आरती एवं आरती के बाद प्रवचन का भी कार्यक्रम है। वही मनोरंजन के लिए कई साधन उपल. ब्ध कराए जा रहे हैं। यज्ञ में वैदिक ब्राह्मणों के द्वारा हवन एवं मंत्रोच्चारण किया जाएगा एवं वेदों के प्रख्यात विद्वानों के द्वारा प्रवचन का कार्य संपन्न कराया जाएगा। कलश यात्रा में बिरजू तिवारी अरुण सिंह भीम सिंह जितेंद्र सिंह अर्जुन सिंह रविंद्र कुमार चंद्रवंशी सुनील कुमार सिंह तपेश्वर सिंह सत्येंद्र सिंह कामता सिंह सतीश सिंह संजय दांगी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उप. स्थित थे।

## प्रखण्ड प्रमुख के भाई के पोते के शोक सभा मे उमड़ी भीड़

### शोक सभा मे उपस्थित सभी लोगो के आंख से छलके आँसू

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**






कान्हाचट्टी रू- प्रखंड के कैंडी नगर पंचायत के कैंडी नगर गांव के निवासी अंकित दास की मृत्यु मंगलवार 22 मार्च को इटखोरी के बक्सा डेम में डूबने से हो गया था । अंकित के शनिवार को 10 कर्म में प्रखंड के सैकड़ों बुद्धिजीवी पहुंच कर शोक सभा में भाग लिया एवं मृतक के फोटो पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। प्रखंड प्रमुख रूणा देवी जब अंकित के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर रही थी तो उसके आंखों से आंसू छलक पड़े प्रखंड प्रमुख के आंसू को देख कर जितने भी शोक सभा में लोग उपस्थित थे सारे लोग रोने पर मजबूर हो गए प्रखंड प्रमुख रूणा देवी के बड़े भाई के पोता अंकित दास की मृत्यु 22 मार्च को खोरी के बक्सर में डूबने से हो गई थी शोक सभा में जब लोग पहुंचे तो सारे लोगों का आंख आंसू छलक गया। जिसके बाद किसी ने भी आंसू को रोक नहीं पाया कन्हाचट्टी प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष रामेश्वर यादव ने कहा की अंकित की मृत्यु उसके घर की अपूरणीय क्षति है वही रा. जेश दास ने कहा कि अंकित एक होनहार लड़का था वह हजारीबाग में बीएससी की पढ़ाई कर रहा था और वह अपने नानी के घर इटखोरी प्रखंड के सैरत गांव गया हुआ था जहां से स्नान करने के लिए वह बक्सा डैम गया था वहीं पर दोस्तों के साथ स्नान करने के दौरान गहरी पानी में जारी हुआ था और उसकी मृत्यु हो गई थी शनिवार की शोक सभा में प्रखंड के कई जाने-माने लोग उपस्थित हुए जिसमें मोहम्मद सिरसा सोनू खान राकेश सिंह उपेंद्र दास सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए रखी गई विदाई समारोह

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**




बिरनी प्रखंड अंतर्गत जनता जरीडीह स्थित आर.के. ग्लोबल स्कूल में गुरुवार को कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं का प्री बोर्ड रिजल्ट घोषित किया गया साथ ही विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं, उप प्रधानाचार्य, प्रधानाचार्य एवं डायरेक्टर शामिल हुए। दसवीं के सभी छात्र छात्राओं का रिजल्ट कफी बेहतर रहा जिसमें विवेक कुमार साव ने 94.4ः लाकर प्रथम स्थान हासिल किया वही रंजीत कुमार साव 89.6ः लाकर द्वितीय व शिल्पा बर्मा 88.6ः लाकर तीसरा स्थान हासिल की। प्रधानाचार्य मो. इम्तियाज अंसारी ने बच्चों को मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में अच्छे से लिखने की शुभक. ामनाएं के साथ भविष्य के जीवन में कैसे अपने आप को आगे बढ़ाना है और सफलता प्राप्त करना है तथा अन्य बिंदुओं पर बच्चों को निर्देशन दिए। वहीं उप प्रधानाचार्य राजेश दास, शिक्षक सुबोध कुमार व अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं भी बच्चों को संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय के डायरेक्टर सह मार्गदर्शक अज़हर अंसारी ने कहा कि जहां हमें दुख है कि हमारे छात्र हमें छोड़कर जा रहे हैं, वहीं खुशी इस बात की है कि यहां से जाने के बाद भी यह बच्चे स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में सहायक सिद्ध होंगे। ये भी कहा कि बच्चे राष्ट्र के धरोहर है इसलिए इनको एक उचित शिक्षा की आवश्यकता है। विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ संस्कारी का भी होना जरूरी है क्योंकि संस्कार युक्त शिक्षा सभ्य समाज का निर्माण करता है। साथ ही हमेशा बच्चों को अनुशासन में रहकर पढ़ाई करने की सलाह दी और आगे विषय का चुनाव अपना पसंदीदा विषय एवं जानकारी के अनुसार करे ताकि भविष्य में कोई दिक्कत ना हो और सफल व्यक्ति बन कर अपने परिवार के साथ अपने विद्यालय का नाम रोशन करे। कक्षा दसवीं के छात्र विवेक साव, टिंकू वर्मा, रंजीत साव एवं इस्तियाक अंसारी ने भी अपने विद्यालय के जीवन काल में अपने अनुभव को बताया एवं छोटे बच्चों को मार्गदर्शन किया। कक्षा आठवीं की छात्रा सानिया परवीन और सिजल कुमारी ने अंतिम में भैया बहनों के लिए विदाई गीत गाकर सबको भावुक कर दिया।

## श्रमिकों के बीच बाटा गया निशुल्क श्रम कार्ड

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत पंचायत खैरीडीह के अन्तर्गत ग्राम शीतल टोला के श्रमिकों के बीच सामा. जिक कार्यकर्ता बिरेन्द्र प्रसाद वर्मा जी जो जनता के विभिन्न योजनाओं के लाभ दिलाने के लिए हमेशा सजग एवं सक्रिय भूमिका निभाते रहते है,इनके द्वारा इस पंचायत के विभिन्न गाँवों के हजारों श्रमिकों का अन्य कार्यो के साथ-साथ निशुल्क श्रम कार्ड कैम्प लगा कर बनाया गया हैं जिसका वितरण आज ग्राम शीतल टोला के सैकडो श्रमिकों को उपलब्ध करा कर शुरूआत किया गया ।अपने संबोधन मे बताया कि यह केन्द्र एवं राज्य सरकार कि एक महत्वाकांक्षी योजना है और इस योजना के तहत श्रम कार्ड बनाने वाले श्रमिकों को दो लाख बीमा के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलने का प्रावधान है। ग्रामीणों द्वारा इस कार्य के लिए इनको आभार व्यकियाथा ग्रामीणों ने सर्व सम्मति से तय किया कि आनेवाले पंचायत चुनाव में लोभ लालच को त्याग कर इन्हें आर्थिक मदद के साथ-साथ गाँव का पूरा वोट इनके पक्ष मे देगें और इन्हे मुखिया बनाएगें चूंकि इनके मुखिया बनने से ही गाँव पंचायत का सर्वागिक विकास संभव है।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ने चौथा स्थापना दिवस मनाया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


स्थापना दिवस में शामिल लोग

झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक बड़कागांव शाखा परिसर में शुक्रवार को चौथा वर्षगांठ मनाया गया। वरीय शाखा प्रबंधक जितेंद्र यादव , उप शाखा प्रबंधक मो, शमीम खान, कैशियर अजीत कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णा राम ,सखी महिला मंडल के प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक रामप्रकाश कुमार, ब्रजेश कु दास सामुदायिक समन्वयक, द्वारा केक काटकर एवम दीप ज्योलित करके कार्यक्रम कि शुरुआत किया गया । तत्पश्चात स्वयं सहायता महिला समूह के सक्रिय सदस्यों को सम्मानित किया गया। जिसमें मे. हनाज खातून , चाहत सखी महिला मंडल सिरमा , किरण देवी अंशु सखी महिला मंडल पड़रिया , सरस्वती देवी ड़ाडी कला ज्योति आजीविका सखी महिला मंडल बैंक सखी , निशा कुमारी , जे एस एल पी एस के बीपीएम रामप्रवेश कुमार , ब्रजेश कुमार दास , बैंक के सहायक गणेश पासवान को अनुशासन एवं कुशल कार्य के लिए और , सी एस पी एल के संचालन दीपक कुमार, और , चेपा कला पंचायत के जुगरा निवासी कृष्णा राम आर्ट, को अच्छे बैंक ग्राहक व बेहतर फ्रामर के रूप में इन्हें भी सामूहिक रूप से गरिमामई उपस्थित में सम्मानित किया गया । वरीय शाखा प्रबधक जितेंद्र यादव ने कहा कि 1 अप्रैल 2019 से झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक जे आर जी बी , की स्थापना हुई है ,और हमसभी आदर्श और अनुशासन के साथ ग्राहकों को बेहतरीन बैंकिंग क्षेत्र में सुविधाएं दे रहे हैं । कृष्ण राम ने कहा कि बैंक के सभी स्टाफ ग्राहकों के साथ अच्छे व्यवहार करते हैं । हजारीबाग जिला के क्षेत्रीय अधिकारियों को एवम बैंक परिवार को स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दीं है । मौके पर जितेंद्र यादव, मो शमीम खान, अजीत कुमार, गणेश पासवान, कृष्ण राम, रामप्रकाश कुमार, ब्रजेश कुमार दास, सावर अग्रलवाल, डॉ शंकर मोदी, भुनेश्वर प्रजापति, निशा कुमारी, चिरंजीवी शेखर, बिनोद साव, वार्ड सदस्य, कन्हाय साव के अलावा अन्य शामिल थे।

## स्वच्छ विद्यालय स्वस्थ बच्चे अभियान का विधायक ने किया शुभारंभ, हरी झंडी दिखा कर वाहन किया रवाना

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



कोरोना काल में लंबी अवधि तक बंद रहे विद्यालयों की आधारभूत संरचनाओं को पुनरू क्रियाशील करने तथा शिक्षकों एवं बच्चों को स्वच. छता एवं साफ–सफाई पर विशेष प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से विद्यालय स्तर पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा यूनिसेफ के संयुक्त प्रयास से 'स्वच्छ विद्यालय स्वस्थ बच्चे'अभियान 2022 का शुभारंभ सीएम हेमन्त सोरेन व शिक्षा मंत्री ने विधानसभा परिसर से किया। इसी कड़ी में चौपारण बीआरसी भवन परिसर से अभियान की शुरुवात बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव व बीईईओ रीना कुमारी ने किया। इस दौरान विधायक ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को प्रखण्ड के सभी विद्यालयों के लिए किया रवाना। बीईईओ रीना कुमारी ने बताया कि यह प्रचार वाहन अगले एक महीने तक सभी पंचायतो में संचालित विद्यालयों में घूमेगा और बच्चो को जागरूक करने का कार्य करेगा। विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि स्वच. छता के प्रति बच्चो में जागरुकता बढ़े इसके लिए हमारे माननीय सीएम ने यह अभियान कि शुरुवात किया है। कहा इसका लाभ प्रखण्ड के सभी बच्चों को मिलेगा। इस दौरान विधायक ने शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार की उपलब्धि को गिनाया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि मंटू यादव, रामफल सिंह, संरक्षक राजेन्द्र राणा, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव, जेएमएम जिला उपाध्यक्ष बिरेन्द्र राणा, कांग्रेस नेता रेवाली पासवान, सुमन सिंह, बीपीएम आरिफ अंसारी, बीआरपी मो सईद, शिक्षक बद्दी उजमा, बिनोद किस्कू सहित दर्जनों लोग।

## विस्थापितों के स्वलम्बन एवं विकास के लिए एनटीपीसी सदैव समर्पित

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियो जनाओं (पीबीसीएमपी) के परियोजना प्रभावित लोगों के उत्थान, स्वलम्बन और स्थायी आजीविका प्रदान करने के लिए परियोजना के कार्यकारी निदेशक एम.वी.आर. रेड्डी ने शुक्रवार को 21 कमर्शियल वाहनों की चाबियां विस्थापित लाभार्थियों को सौंपी।इस अवसर पर संबोधित करते हुए रेड्डी ने कहा, ष्एनटीपीसी पीबीसीएमपी रोजगार प्रदान करने और विस्थापितों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमेशा से ऐसे कदम उठाते रही है और आगे भी नई पहल करती रहेगी। विस्थापितों से बातचीत करते हुए रेड्डी ने उनसे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का आग्रह किया और सम्मान के साथ एक अच्छी आजीविका जीने के लिए जुनून और समर्पण के साथ काम करने पर जोर दिया।आगे कहा की विस्थापित अपने पैरों पर खड़े होकर आत्म. निर्भर बने और अन्य लोगों को भी रोजगार प्रदान करें जिससे प्रदेश के विकास में सहभागी बन सके। परियोजना विस्थापितों के स्वलम्बन के लिए हमेशा से प्रतिबद्ध रही है और आगे भी विस्थापितों के उत. थान के लिए इसी दिशा में कार्य करती रहेगी। रेड्डी ने वाहनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर नीरज जलोटा (महाप्रबंधक, परियोजना), संजय सेठ (महाप्रबंधक, पीबी–एनडब्ल्यू), के. चन्द्रशेखर (महाप्रबंधक, एम.ई), अमित कुमार अस्थाना (अपरमहाप्रबंधक, मानव संसाधन) एवं अन्य सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहें।

## प्रतिभावान दो युवकों ने प्रतिभा का मनवाया लोहा, बैंक पीओ बन चौपारण का बढ़ाया मान

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




प्रखण्ड में प्रतिभा की कमी नही नही है बस उसे अवसर मिले प्रतिभावान युवक अपनी प्रतिभा के दम पर सफलता हाशिल कर प्रखण्ड का मान सम्मान बढ़ा रहे है। इसी कड़ी में पडरिया पंचायत के दो युवकों ने उलेखनीय सफलता हाशिल किया। अंबाजीत गांव के रविकांत चंद्रवंशी पिता बालमुकुंद चंद्रवंशी ने सेंट्रल बैंक तथा इगुनियां गांव के प्रवीण कुमार पिता सुधीर चंद्रवंशी ने इंडियन बैंक में पीओ पद में सफलता हासिल की है। दोनों किसान और गरीब परिवार से संबंध रखते हैं। रविकांत सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल के छात्र रहे हैं। इनके चयन पर चंद्रवंशी समाज के अध्यक्ष रामकेश्वर चंद्रवंशी, सचिव देवधारी चंद्रवंशी, कार्यवाहक अध्यक्ष छत्रधारी चंद्रवंशी, संरक्षक राजेंद्र चंद्रवंशी, सुनील चंद्रवंशी, बिनय चंद्रवंशी, अरविंद चंद्रवंशी समेत कई अन्य ने बधाई दी।

बाक्स में

**शक्षा से बदली दशा, ट्रक चलाकर बेटों को बनाया अधिकारी,बेटी निजी बैंक में**

चौपारण (हजारीबाग) प्रबल इच्छा शक्ति और सतत मेहनत करने से मंजिल अवश्य मिलती है। परिश्रम सदैव फलदाई होता है। इसे चिरितार्थ कर दिखाया है चौपारण प्रखंड के इगुनियां निवासी सुधीर चंद्रवंशी के बच्चों ने। ट्रक चलाकर कडी मेहनत कर फर्श से अर्श तक पहुंचने की इस गाथा के नायक ने अपने बच्चों को कामयाब इंसान बना दिया। उन्होंने दुनिया को सीख दी है कि केवल शिक्षा ही जीवन का आधार है। इस कार्य में उनकी पत्नी का भी अहम योगदान रहा। दरअसल शुक्रवार को उनके बड़े बेटे प्रवीण कुमार का बैंक पीओ में इंडियन बैंक में अंतिम रूप से चयन हो गया। वहीं छोटे पुत्र प्रशांत कुमार ने आईआईटी रुडकी से बीटेक करने के बाद इस्टर्न कोल इंडिया में आसनसोल में अधिकारी पद पर कार्यरत है। इतना ही नहीं बेटी को भी एमसीए तक पढ़ाया। वह भी रांची में एक निजी बैंक में कार्यरत है। सुधीर चंद्रवंशी ने खुद किसी तरह मैट्रिक शिक्षा कर अपने बच्चों को लायक बनाया। आज गरीब मध्यमवर्गीय परिवार के लिए शिक्षा के क्षेत्र में उदाहरण साबित हो रहे हैं।



## कर्णपूरा कॉलेज में पोषण माह का आयोजन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



पोषण माह कार्यक्रम में शामिल लोग

बड़कागांव कर्णपुरा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य कीर्ति नाथ महतो ने कहा कि सही पोषण के बारे में लोगों को जागरूक करें एवं कुपोषण, एनीमिया जैसे रोगों से बचाए। संतुलित आहार की कमी से शरीर में विटामिन , की कमी हो जाने से व्यक्ति कुपोषित हो जाता है। विटामिन की कमी से शरीर में अनेकों प्रकार की बीमारियां उत्पन्न हो जाती हैं। गर्भवती महिलाओं को विटामिन और प्रोटीन युक्त संतुलित आहार की जरूरत होती है। गर्भवती महिलाएं जो संतुलित भोजन लेती है वह सीधे गर्भस्थ शिशु में जाता है। उपयुक्त भोजन से शरीर के अंदर रोग प्रति. रोधक क्षमता बढ़ती है। इससे कुपोषण नहीं होता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने कहा कि जंक फूड का प्रयोग नहीं करना चाहिए। एवं अपने गांव में ग्राम वासियों को पोषण को लेकर लोगों को जागरूक करें । कार्यक्रम में अपने स्वागत संबोधन में कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व का विकास होता है। तथा अनुशासन के रूप में जाने जाते हैं। धन्यवाद ज्ञापन प्रोफ़ेसर सुरेश महतो ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रोफेसर नि. रंजन प्रसाद नीरज, प्रोफेसर फजरूद्दीन, प्रोफेसर नरेश कुमार दांगी, प्रोफेसर किशोर प्रसाद, प्रोफेसर अनु कुमारी, प्रोफेसर ऋतुराज दास, प्रोफेसर रंजीत प्रसाद, प्रोफेसर पवन कुमार, प्रदीप कुमार स्वयं सेवकों में अफसाना, नीतू, गौतम, ममता ,राजकुमार, मनिका, रिंकी, काजल ,सीमा, सुमन आदि शामिल थे।

## शपथ पत्र

**कार्यपालक दंडाधिकारी बरही के शपथ पत्र संख्या 96 दिनांक 30. 03.2022 से मेघन महतो पिता स्व0 मरन महतो ने शपथ पत्र के माध्यम से अपना नाम में मेघन यादव के स्थान पर पर मेघन महतो सुधार किया जाता है। आज की तिथि से मेघन महतो के नाम से जाना जाएगा।**

